● **पढ़ो और बोलो :**

११. राष्ट्रीय त्योहार

(विद्‌यार्थी कक्षा में राष्ट्रीय त्योहारों पर चर्चा कर रहे हैं ।)

ज्ञान : स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय त्योहार हैं ।

आकांक्षा : अमर सपूतों के अथक प्रयासों से १५ अगस्त १९४७ को हमारा देश स्वतंत्र हुआ ।

त्र्यंबक : यह दिन स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

ज्ञान : आजादी मिलने के बाद बड़ी लगन से देश का संविधान बनाया गया तथा २६ जनवरी १९५० को इसे देश में लागू किया गया ।

आकांक्षा : इसीलिए २६ जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

क्षितिज : २६ जनवरी और १५ अगस्त के दिन और क्या-क्या होता है ?

ज्ञान : राष्ट्रीय त्योहारवाले दिन राष्ट्रध्वज फहराते हैं । राष्ट्रगीत गाते हैं । राज्य, जिला, शहर, गाँव, तथा विद्‌यालयों में इन त्योहारों को धूमधाम से मनाते हैं । प्रभात फेरियाँ निकालते हैं । जगह-जगह सजावट और रोशनी की जाती है ।

क्षितिज : यह आजादी बड़े संघर्षों के बाद मिली है । हमें इसकी रक्षा करनी है ।

त्र्यंबक : हाँ ! हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव याद रखना होगा । अपने तिरंगे का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है ।

आकांक्षा : राष्ट्रीय त्योहारों पर झंडावंदन के लिए सभी का समय पर उपस्थित होना आवश्यक है । राष्ट्रगीत के समय सदैव सावधान की मुद्रा में खड़े रहें । राष्ट्रीय त्योहार हमें पूरी निष्ठा के साथ आनंदपूर्वक मनाने चाहिए ।

उचित जोड़ियाँ मिलाओ :

१. स्वतंत्रता दिवस	१. सदैव सावधान की मुद्रा में खड़े रहें ।
२. २६ जनवरी	२. समय पर उपस्थित होना आवश्यक है ।
३. राष्ट्रगीत के समय	३. गणतंत्र दिवस
४. झंडावंदन के लिए	४. १५ अगस्त

❑ उचित आरोह-अवरोह के साथ वाचन करवाएँ । विद्‌यार्थियों से आजादी के महत्त्व पर चर्चा करें । समय पालन और अनुशासन के महत्त्व को समझाएँ । देशभक्ति के गीतों का संग्रह करने के लिए प्रेरित करें । विद्‌यार्थियों को 'जनगणमन' राष्ट्रगीत का महत्त्व बताएँ ।